# शासी निकाय की द्वितीय बैठक का कार्य–वृत्त

चमन लाल स्वायत्त महाविद्यालय, लंढौरा (हरिद्वार) के शासी निकाय की द्वितीय बैठक दिनांक 14.05.2025 में अपराह्न 11:00 बजे महाविद्यालय प्रबंध समिति कक्ष में शासी निकाय के अध्यक्ष श्री राम कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के कार्य–वृत्त निम्नानुसार है –

| | |
|---|---|
| एजेंडा बिन्दू 1 : | दिनांक 06.07.2024 में सम्पन्न हुई प्रथम बैठक में लिये गये निर्णयों की पुष्टि एवं कार्य निष्पादन रिपोर्ट की पुष्टि। |
| विनिश्चय : | प्रथम बैठक दिनांक 06.07.2024 में लिए गए निर्णयों की सर्वसम्मति से पुष्टि की गई एवं कार्य निष्पादन रिपोर्ट को स्वीकृत किया गया। |
| एजेंडा बिन्दू 2 : | शासी निकाय की प्रथम बैठक में गोपनीय कार्य की व्यवस्था हेतु डॉ. देवपाल को समन्वयक का दायित्व दिया गया था। उनके द्वारा उक्त कार्यों के निर्वहन में असमर्थता व्यक्त की गयी। तत्क्रम में शासी निकाय के अनुमोदन की प्रत्याशा में परीक्षा नियंत्रक का दायित्व 21.08.2024 को डॉ. ऋचा चौहान को सौपा गया। अनुमोदन हेतु प्रस्तुत। |
| विनिश्चय : | डॉ. देवपाल सहायक आचार्य के प्रार्थना–पत्र को स्वीकार करते हुए डॉ. ऋचा चौहान, सहायक आचार्या को परीक्षा नियंत्रक का दायित्व प्रदान किए जाने को सर्वसम्मति से पुष्टि की जाती है। |
| एजेंडा बिन्दू 3 : | अकादमिक परिषद की बैठक दिनांक 22.11.2024 (प्रथम बैठक) एवं 02.05. 2025 (द्वितीय बैठक) में लिये गये निर्णयों पर विचार एवं अनुमोदन। |
| विनिश्चय : | अकादमिक परिषद की दोनों बैठकों {दिनांक 22.11.2024 एवं 02.05.2025} में लिए निर्णयों पर विचार करते हुए सर्वसम्मति से पुष्टि की जाती है। |
| एजेंडा बिन्दू 4 : | सभी बिभागों की दिनांक 12.04.25 / 15.04.25 बी.ओ.एस. (BOS) सम्पन्न हुई जिसमें सत्र 2025–26 हेतु विभिन्न उपाधियों के पाठ्यक्रम एवं परीक्षा पद्धति को स्वीकृत किया गया। इसके पश्चात सम्बंधित पाठ्यक्रमों एवं परीक्षा पद्धति को अकादमिक परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया, सूचनार्थ प्रस्तुत। |
| विनिश्चय : | समस्त विषयों (विभागों) की बी.ओ.एस. के निर्णयों एवं अकादमिक परिषद के निर्णयों को अवलोकित करते हुए संज्ञान लिया गया। |
| एजेंडा बिन्दू 5 : | वित्त समिति की बैठक दिनांक 17.08.2024 (प्रथम बैठक) एवं 27.03.2025 (द्वितीय बैठक) मे लिये गये निर्णयों पर विचार एवं अनुमोदन। |
| विनिश्चय : | वित्त समिति की दोनों बैठकों {दिनांक 17.08.2024 एवं 27.03.2025} में लिए निर्णयों पर विचार करते हुए सर्वसम्मति से पुष्टि की जाती है। |
| एजेंडा बिन्दू 6 : | परीक्षा एवं गोपनीय कार्य समिति की बैठक मे लिये गये निर्णयों पर विचार एवं अनुमोदन। |
| विनिश्चय : | शासी निकाय द्वारा परीक्षा एवं गोपनीय कार्य समिति की बैठकों में लिए गए |

| | |
|---|---|
| | निर्णयों पर विचार किया गया और सर्वसम्मति से पुष्टि की जाती है। |
| एजेंडा बिन्दू 7 : | स्वायत्तता स्तर की निगरानी हेतु गठित बाह्य विशेषज्ञ टीम से सत्र 2024–25 हेतु मूल्यांकन प्रक्रिया पूर्ण कराने पर विचार एवं निर्णय। |
| विनिश्चय : | स्वायत्ता स्तर की निगरानी हेतु गठित बाह्य विशेषज्ञ टीम द्वारा सत्र 2024–25 हेतु आगामी जुलाई माह में मूल्यांकन प्रक्रिया पूर्ण कराने पर सहमति प्रदान की गई। |
| एजेंडा बिन्दू 8 : | स्वायत्त महाविद्यालय में शोध उपाधि आरंभ करने हेतु अकादमिक परिषद में लिये गये निर्णय पर विचार एवं स्वीकृति। |
| विनिश्चय : | स्वायत्त महाविद्यालय में शोध उपाधि आरंभ किए जाने हेतु अकादमिक परिषद के निर्णय को स्वीकृति प्रदान की गई। इस हेतु शोध उपाधि समन्वय समिति को यू.जी.सी. विनिमय के अनुरूप पीएच.डी. संबंधी नियम एवं प्रक्रिया आदि निर्धारित करने के लिए अधिकृत किया गया। तत्क्रम में मूल विश्वविद्यालय की अनुमति हेतु पत्र प्रेषित किए जाने को स्वीकृति प्रदान की गई। |
| एजेंडा बिन्दू 9 : | गोपनीय कार्य हेतु नियमानुसार एजेंसी का निर्धारण एवं एम.ओ.यू. की प्रक्रिया सम्पन्न की गयी। संबंधित एजेंसी को उक्त कार्य सौंपे जाने की कार्योत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्तुत। |
| विनिश्चय : | गोपनीय कार्यों हेतु एजेंसी के साथ एम.ओ.यू. की प्रक्रिया को सर्वसम्मति से कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। |

अन्त में सदस्य सचिव (प्राचार्य) डॉ. सुशील कुमार द्वारा आभार ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।